## एक नजर में

### रोटरी क्लब मंदसौर के वर्ष 2026-27 के लिए अनिल चौधरी अध्यक्ष, संजय जैन( श्वेता) सचिव मनोनीत



**मन्दसौर।** रोटरी क्लब मंदसौर की नामिनेशन कमेटी की मीटिंग में वर्ष 2026-27 के लिये सर्वानुमति से अध्यक्ष रो. अनिल चौधरी (होण्डा) की टीम का चयन किया गया जिसमें सचिव रो. संजय जैन( श्वेता) को मनोनीत किया गया। रो. अनिल चौधरी पूर्व में रोटरी क्लब के सचिव रह चुके हैं, श्री चौधरी पोरवाल सोशल ग्रुप के पूर्व में कोषाध्यक्ष भी रहे हैं। सचिव रो. संजय जैन ( श्वेता) जैन सोशल ग्रुप के जोन कोऑर्डिनेटर भी हैं, तथा पूर्व में जैन सोशल ग्रुप मंदसौर के अध्यक्ष रह चुके हैं, तथा वर्तमान में मंदसौर किराना व्यापारी संघ के अध्यक्ष हैं। नॉमिनेशन कमेटी के अध्यक्ष योग गुरु रो. सुरेन्द्र जैन ने बताया कि उपाध्यक्ष रो.प्रेमेन्द्र चौर?िया, सहसचिव रो.अजय नागोरी, कोषाध्यक्ष रो. पवन सेठिया, पी.आर.ओ . रो.पंकज अग्रवाल, सार्जेंट एट आर्म्स रो. पवन जैन (एच.एम.) मनोनीत किये गये हैं। नॉमिनेशन कमेटी में पूर्व अध्यक्षगण रो. दिनेश रांका, रो. प्रवीण उकावत रो. सुधीर लो?ा, रो. शरद गांधी, रो. संजय गोठी, रो. पवन पोरवाल, रो. भूपेंद्र सोनी, व योग गुरु रो. सुरेन्द्र जैन उपस्थित थे। साथ ही मीटिंग में सर्वानुमति से वर्ष 27-28 के अध्यक्ष के लिये रो. कपिल भंडारी तथा वर्ष 28-29 के अध्यक्ष हेतु रो. रितेश भगत को मनोनीत किया है। रो. कपिल भंडारी वर्तमान में रोटरी क्लब सचिव हैं तथा रो. रितेश भगत पूर्व में रोटरी सचिव रह चुके हैं।

### मंदसौर के लायन सीए सिद्धार्थ अग्रवाल मल्टीपल काउंसिल में सम्मानित



**मंदसौर।** लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के सदस्य लायन सीए सिद्धार्थ अग्रवाल को इंदौर में आयोजित मल्टीपल काउंसिल अधिवेशन में प्रतिष्ठित अवॉर्ड्स से नवाजा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लायन मनोज शाह, द्वितीय अंतर्राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मल्टीपल काउंसिल अध्यक्ष लायन मनीष शाह ने लायन सिद्धार्थ अग्रवाल को 'बेस्ट पब्लिक स्पीकिंग' (सर्वश्रेष्ठ वक्ता ) और 'बेस्ट नॉलेजेबल लायन' (सर्वश्रेष्ठ जानकार) जैसे मल्टीपल अवॉर्ड प्रदान किए। लायंस में उनकी सक्रिय भूमिका, नेतृत्व क्षमता और उत्कृष्ट वक्तव्य कला के लिए यह सम्मान दिया गया। उक्त बहुप्रांत 3233 मे 800 से अधिक क्लब के 25,000 से अधिक सदस्य' सम्मिलित है । सम्मान समारोह में लायंस इंटरनेशनल के कई वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद रहे। इनमें पास्ट इंटरनेशनल डायरेक्टर वी.के. लडिया, पास्ट मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन लायन संजीव जैन, पीडीजी लायन अनिल नाहर, लायन अविनाश शर्मा, डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन रामकिशोर गर्ग, डीजी (इलेक्ट) लायन निशांत जैन, विडीजी -1 लायन सी.पी. विजयवर्गीय एवं विडीजी -2 लायन जितेंद्र मित्तल, पीडीजी लायन राजेंद्र अग्रवाल प्रमुख रूप से शामिल थे। लायन सीए सिद्धार्थ अग्रवाल की इस उपलब्धि पर लायंस क्लब मंदसौर गोल्ड के अध्यक्ष संजय पारिख सहित पूरी कार्यकारिणी ने हर्ष व्यक्त किया। क्लब सदस्यों ने उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। गौरतलब है कि लायन सीए सिद्धार्थ अग्रवाल अपने कार्यकाल में क्लब के माध्यम से कई सामाजिक सेवा प्रकल्पों का सफल संचालन कर चुके हैं। गत वर्ष भी बहुप्रान्त 3233 के सर्वश्रेष्ठ अध्यक्ष पुरस्कार से सम्मानित किए गए थे।

# सात्विक भक्ति सर्वश्रेष्ठ होती है : स्वामी केशवानंद

**मंदसौर। पुरुषोत्तम ( अधिक ) मास के अवसर पर केशव सत्संग भवन, खानपुरा में पुरूषोत्तम ( अधिक ) मास के शुभ अवसर पर पूज्य पाद केशवनानंद जी महाराज चिन्मय मशीन आकोला ने नारद भक्ति सूत्र पर आधारित दिव्य प्रवचनों का आयोजन प्रातः8.30 बजे से 10 बजे तक हो रहा है।**



दिनांक 28 मई 2026, गुरूवार को नारद भक्ति सूत्र का वाचन करते हुए केशवनानंद जी महाराज चिन्मय मिशन आकोला ने बताया कि नारद मुनि बताते है कि भक्ति के तीन प्रकार होते है जिसमें सात्विक, राजसिक और तामसिक होती है। सर्वश्रेष्ठ भक्ति सात्विक भक्ति को बताया गया है। तामसिक भक्ति अपना भी नुकसान करती है और दूसरों का भी तामसिक भक्ति का उदाहरण देते हुए स्वामी जी ने बताया कि पुराने समय में असुर राक्षस लोग तपस्या करके भक्ति करके भगवान को प्रसन्न करते थे बाद में उनसे प्राप्त वरदान का दुर्पयोग करके आमजनों को परेशान करते थे भस्मासुर ने तो महा तपस्या करके भगवान शिव को प्रसन्न कर वरदान प्राप्त किया कि जिसके सिर पर हाथ रखूं, वह जलकर भस्म हो जायें भगवान ने भी उसे वरदान दे दिया बाद में वहीं भस्मासुर उनके पीछे भागने लगा उनके सिर पर हाथ रखने के लिए ऐसे तामसिक भक्ति के कई उदाहरण है। राजसिक भक्ति में भक्त अपनी कामनाओं को लेकर भगवान की भक्ति करता है, भगवान को प्रसन्न कर उनसे अपने लिए कुछ मान पद प्रतिष्ठा प्राप्त करना चाहता है। सात्विक भक्ति में भक्त भगवान की भक्ति करता है उनसे कुछ उपेक्षा नहीं करता लेकिन फिर परमपिता परमेश्वर भक्त की हर मनोकामना को पूर्ण करते है। इसलिए नारद भक्ति सूत्र में सात्विक भक्ति को सर्वश्रेष्ठ भक्ति बताया गया है और उसी भक्ति मार्ग से भगवान को जल्द प्रसन्न किया जा सकता है।

धर्मसभा में स्वामी जी ने बताया कि प्रत्येक व्यक्ति भक्ति तो करना चाहता है लेकिन उसका चंचल मन उसे यह नहीं करने देता है। आंखे बंद करके ध्यान लगाओंगे तो ध्यान में तो नहीं जाओंगे उस समय मन सांसारिक चीजों में लगा रहेगा इसलिए सबसे पहले मन के विकारों को दूर करके साफ निश्छल मन से मन को प्रभु भक्ति में लगाओं फिर देखना सात्विक भक्ति आयेगी और मन प्रसन्न होगा। अधिक मास में हो रहे प्रवचनों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में महिलाएं एवं पुरूष केशव सत्संग भवन आ हे है। केशव सत्संग भवन ट्रस्ट मंडल ने नगर की धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में प्रवचनों का लाभ लेने का निवेदन किया है।

# टीबी मरीजों को फूड बास्केट बांटे

**मंदसौर।** महान स्वतंत्रता सेनानी विनायक दामोदर वीर सावरकर की जयंती के अवसर पर मजदूर कल्याण समिति जिला मंदसौर द्वारा वीर सावरकर पुलिया पर गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत समिति द्वारा 'टीबी मुक्त अभियान' अंतर्गत टीबी मरीजों को फूड बास्केट वितरित कर सेवा कार्य किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला प्रेस क्लब संरक्षक ब्रजेश जोशी, भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराणा, भाजपा जिला उपाध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि गौरव अग्रवाल, नपा सभापति दीपमाला मकवाना, पार्षद भावना पमनानी एवं पूर्व भाजपा जिला महामंत्री अजय सिंह चौहान उपस्थित रहे। शुभारंभ समिति के प्रदेश अध्यक्ष करणसिंह परिहार द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि मजदूर कल्याण समिति सदैव राष्ट्र सेवा एवं जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाती रही है। वीर सावरकर की जयंती पर समाज के जरूरतमंद वर्ग की सेवा करना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है।

अतिथियों ने कहा कि वीर सावरकर का जीवन राष्ट्रभक्ति, त्याग और समर्पण का प्रतीक रहा है। उन्होंने समिति द्वारा टीबी मरीजों को पोषण सहायता स्वरूप फूड बास्केट वितरित करने की पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास 'टीबी मुक्त अभियान' को सफल बनाने में सहायक सिद्ध होंगे।

वक्ताओं ने कहा कि मजदूर कल्याण समिति मजदूर हितों के साथ-साथ सामाजिक एवं स्वास्थ्य संबंधी गतिविधियों में भी सराहनीय कार्य कर रही है। अतिथियों एवं उपस्थितजनों ने वीर सावरकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। स्वास्थ्य विभाग से अजय पांडे, भाजपा नेता बब्बू पमनानी, समाजसेवी शौकीन नलवाया, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पुष्पा चौहान, प्रदेश प्रभारी रेखा जोशी, प्रदेश महामंत्री उषा शर्मा, प्रदेश संगठन मंत्री कमल नयन गुप्ता, सह प्रभारी कैलाश रावत, जिलाध्यक्ष सुनील सिखवाल, प्रदेश मंत्री राकेश सेन, विजय, मीडिया प्रभारी दीपक भारतीय सहित बड़ी संख्या में समाजसेवी, आशा-उषा कार्यकर्ता एवं संस्था सदस्य उपस्थित रहे।



# त्योहार को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट

**मंदसौर।** ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। गुरुवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीना ने अतिरिक्त पुलिस बल के साथ शहर के संवेदनशील एवं मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों का भ्रमण कर कानून व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने शिवना नदी सहित आसपास के जलाशयों एवं जल संग्रहण स्थलों रामघाट बैराज और कालाभाटा डैम का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि जल स्रोतों में किसी प्रकार का अवशिष्ट पदार्थ न डाला जाए तथा साफ-सफाई एवं सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष ध्यान रखा जाए।

सघन चेकिंग अभियान के दौरान पुलिस अधीक्षक ने मौके पर मौजूद पुलिस बल को सतर्क एवं मुस्तैद रहकर कर्तव्य निर्वहन करने के निर्देश भी दिए। भ्रमण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक टी.एस. बघेल, एसडीएम शिवलाल शाक्य, नगर पुलिस अधीक्षक जितेंद्र भास्कर, थाना प्रभारी कोतवाली पुष्पेंद्र सिंह राठौर, वायडी नगर थाना प्रभारी शिवांशु मालवीय, नई आबादी थाना प्रभारी कुलदीप सिंह सहित पुलिस बल मौजूद रहा।

**एक नजर** — अंकित कीमती चेयरमैन, सीए विकास भंडारी सचिव व मयूर सुराना कोषाध्यक्ष नियुक्त

# मंदसौर में JITO चैप्टर का गठन, समाज सेवा और व्यापारिक सहयोग को मिलेगा नया आयाम

**मन्दसौर। जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन ( JITO ) मंदसौर चैप्टर की कार्यकारिणी की घोषणा उत्साहपूर्वक की गई। संगठन द्वारा समाज सेवा, व्यापारिक सहयोग, शिक्षा, युवा सशक्तिकरण, स्वास्थ्य सेवा, उद्यमिता विकास एवं सामाजिक एकता के उद्देश्यों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए नई टीम का गठन किया गया है।**



घोषित कार्यकारिणी में श्री अंकित किमती को चेयरमैन, सीए विकास भंडारी को चीफ सेक्रेटरी एवं श्री मयूर सुराना को ट्रेजरर नियुक्त किया गया है। वहीं श्री पिंकेश चोरड़िया एवं श्री वैभव दुग्गड़ को वाइस चेयरमैन तथा श्री हर्षित सोनगरा एवं श्री मनीष बोहरा को जॉइंट सेक्रेटरी का दायित्व सौंपा गया है।

इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाते हुए समाजहित, संगठन विस्तार, व्यापारिक नेटवर्किंग और सेवा कार्यों को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि छ्ढ्ढञ्जह्र मंदसौर चैप्टर समाज के युवाओं, विद्यार्थियों, व्यापारियों, उद्यमियों और प्रोफेशनल्स को एक मजबूत मंच प्रदान करने की दिशा में सक्रिय रूप से कार्य करेगा।

JITO एक वैश्विक जैन संगठन है, जो उद्योगपतियों, व्यवसायियों एवं प्रोफेशनल्स को एक मंच पर जोड़कर समाज एवं राष्ट्रहित में कार्य कर रहा है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य आर्थिक सशक्तिकरण, ज्ञान संवर्धन, सेवा कार्यों, शिक्षा सहायता और उद्यमिता विकास के माध्यम से समाज को प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाना है। वर्तमान में JITO के भारत में 9 ज़ोन एवं 75 चैप्टर्स कार्यरत हैं, जबकि 32 अंतरराष्ट्रीय लोकेशन्स पर इसकी सक्रिय उपस्थिति है। संगठन से लगभग 20,000 सदस्य जुड़े हुए हैं। JITO अपने विभिन्न प्रकल्पों के माध्यम से शिक्षा, रोजगार, स्टार्टअप, हेल्थकेयर, प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी, युवा विकास एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य कर रहा है। साथ ही जैन समाज के साधु संतों के उत्तम स्वास्थ्य सेवाओं के लिए श्रवण आरोग्य सेवाएं प्रदान करना ।

JITO के प्रमुख प्रकल्पों में जीतो इनक्यूबेशन एंड इनोवेशन फाउंडेशन , जीतो बिज़नेस नेटवर्क , जीतो एजुकेशन असिस्टेंस प्रोग्राम , जीतो एडमिनिस्ट्रेटिव ट्रेनिंग फाउंडेशन, जीतो युवा विंग एवं जीतो महिला विंग शामिल हैं। इन प्रकल्पों के माध्यम से हजारों विद्यार्थियों को शिक्षा सहायता, प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग, ब्याज मुक्त ऋण, करियर मार्गदर्शन और उद्यमिता के अवसर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

## नीमच

## एक नजर में

### जगदीश धाकड़ को जिला कांग्रेस कमेटी में सचिव पद पर किया गया नियुक्त



**नीमच (दूदरसी)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के दिशा निर्देश पर मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मार्ग दर्शन में नीमच जिला कांग्रेस में कार्यसमिति का गठन किया गया है जिसमें सचिव के पद पर जगदीश धाकड़ को नियुक्त किया गया है। मिली जानकारी अनुसार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जितू पटवारी के निर्देशानुसार नीमच जिला अध्यक्ष तरुण बाहेती ने अपनी कार्यसमिति में सचिव के पद पर जगदीश धाकड़ ( खेड़ा दारू ) को नियुक्त किया गया है। ज्ञात रहे धाकड़ मार्केटिंग सोसायटी के पूर्व चेयरमैन जयराज धाकड़ के सुपुत्र है तथा ग्राम पंचायत दूदरसी में सपत्नीक लगातार 11 वर्षों तक सरपंच पद पर रहते हुए अनेक विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया था। धाकड़ नीमच उत्तर मण्डलम के अध्यक्ष पद पर भी रहे तथा पार्टी को मजबूत करने की दिशा में तत्पर रहते थे। उनके किए गए कार्यों से ही उन्हें जिला कांग्रेस कमेटी में सचिव पद नवाजा गया है।

### दिगंबर जैन मुनि श्री 1008 प्राणमय सागर महाराज का करीब दस वर्षों बाद हुआ मनासा नगर में पुन: मंगल प्रवेश




**मनासा।** दिगंबर जैन मुनि श्री 1008 प्राणमय सागर जी महाराज का लगभग दस वर्षों के पश्चात मनासा नगर में पुन: मंगल प्रवेश हुआ। प्रात: लगभग साढ़े आठ बजे यतिजी की छत्री, मनासा से गुरुदेव का मंगल प्रवेश प्रारंभ हुआ, जो धूबी गली दिगंबर जैन मंदिर से रानी लक्ष्मीबाई मार्ग होते हुए वर्धमान धर्मशाला पहुंचा। मार्ग में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं समाजजनों ने गुरुदेव का भावपूर्ण स्वागत एवं वंदन किया। वर्धमान धर्मशाला में प्रात: नौ बजे आयोजित प्रवचन सभा में मुनिश्री ने उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए 'जैन अहिंसा परमो धर्म' के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। उन्होंने भगवान महावीर स्वामी जी द्वारा बताए गए सत्य, अहिंसा एवं संयम के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर मनासा क्षेत्र के विधायक अनिरुद्ध माधव मारू ने भी पहुंचकर गुरुदेव की वंदना कर आशीर्वाद प्राप्त किया समाज के अध्यक्ष शिखरचंद जैन, श्वेतांबर जैन समाज के अध्यक्ष प्रकाशचंद हिंगड़, पप्पू गांधी, अरविंद गोटा, मनोज गांधी, अनिल यति, नितेश गांधी, प्रमोद गांधी, अंकित जैन, ललिन गांधी सहित समाज के अनेक वरिष्ठजन, युवा एवं नारीशक्ति बड़ी संख्या में उपस्थित रहे पूरे नगर में गुरुदेव के मंगल प्रवेश को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह एवं श्रद्धा का वातावरण देखने को मिला।

### वृद्धजनों के लिए रेडक्रॉस सभागार में नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर कल

**नीमच।** जिला चिकित्सालय, नीमच द्वारा शनिवार, 30 मई 2026 को प्रात: 9 :00 बजे से दोपहर 2 :00 बजे तक रेडक्रॉस सभागार में वृद्धजनों के लिए नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में जिला चिकित्सालय एवं मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सकों एवं मेडिकल टीम द्वारा वृद्धावस्था से जुड़ी बीमारियों की नि :शुल्क जांच, परामर्श, उपचार किया जाएगा तथा नि :शुल्क दवाओं का वितरण भी किया जाएगा। सिविल सर्जन डॉ .महेन्द्र पाटिल एवं वृद्धजन स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ .मनीष यादव ने जिले के समस्त वृद्धजनों से शिविर में उपस्थित होकर अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।



# मनासा में बड़ी कार्रवाई : लापरवाही पर गणपत होटल और लीलावती का मेडिकल किया सील

▶ एसडीएम के नेतृत्व में मनासा के निजी अस्पतालों और होटलों में किया औचक निरीक्षण

**नीमच।** कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार बुधवार को एसडीएम मनासा किरण आंजना के नेतृत्व में मनासा नगर के निजी चिकित्सालयों, होटलों एवं शॉपिंग मॉल का औचक निरीक्षण किया गया। जांच दल में तहसीलदार, सीएमओ, विद्युत सुरक्षा, पीडब्ल्यूडी, एमपीईबी व नगर परिषद के अधिकारी शामिल रहे।

एसडीएम किरण आंजना ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि जांच दल द्वारा गणपत होटल में अस्वच्छता व गंदगी मिलने पर मावे का सैंपल लेकर होटल सील किया गया। बालू होटल में बिना लाइसेंस मावा निर्माण पर 5100 रुपये का स्पॉट फाइन कर परिसर सील किया गया। लीलावती हॉस्पिटल का मेडिकल स्टोर बिना फार्मासिस्ट के संचालित पाए जाने पर मौके पर बंद कर सील किया गया। गांधी सुपर स्टोर मार्ट में एक्सपायरी फायर उपकरण मिले, जिन्हें बदलने के निर्देश दिए।

तुलसी किरण मार्ट में एक्सपायरी खाद्य सामग्री जब्त कर नष्ट की गईहै।

एसडीएम सुश्री किरण आंजना ने बताया कि प्रशासन के उक्त जांच दल ने चिरंजीवी हॉस्पिटल, नाकोड़ा लाइफलाइन, मनासा ग्लोबल हॉस्पिटल, एस.एल. पाटीदार हॉस्पिटल, माधवम हॉस्पिटल, मजेजी हॉस्पिटल, लीलावती हॉस्पिटल का निरीक्षण कर आवश्यक सुविधाओं, सुरक्षा प्रबंधों का जायजा लिया।

सभी अस्पतालों को फायर सेफ्टी उपकरण दुरुस्त करने व कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिलाने की चेतावनी दी गई। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि जनसुरक्षा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### श्रद्धा और सौहार्द के साथ मनाई गई ईद-उल-अजहा

**अठाना।** स्थानीय नगर में ईद-उल-अजहा का पर्व गुरुवार को अकीदत, उल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। सुबह से ही मुस्लिम समुदाय के लोग नए कपड़ों में ईदगाह की ओर रवाना हुए, जहाँ सबसे पहले सामूहिक ईद की नमाज अदा की गई ।नमाज के उपरांत इमाम ने मुल्क में अमन-चैन, आपसी सौहार्द और देश की खुशहाली के लिए विशेष दुआ कराई। नमाजियों ने देश और समाज में शांति, समृद्धि तथा सभी के अच्छे स्वास्थ्य की कामना की। नमाज समाप्त होते ही ईदगाह का माहौल मुबारकबाद और गले मिलने के दृश्यों से गुलजार हो गया। छोटे-बड़े, युवा-वृद्ध सभी ने एक-दूसरे को ईद की मुबारकबाद देकर भाईचारे का संदेश दिया। पूरे नगर में त्याग और कुर्बानी के इस पर्व पर खुशी का माहौल देखा गया। इस दौरान ब्लाक अध्यक्ष महेन्द्र सिंह सिसौदिया भी ईदगाह में पहुंचे और सभी मुस्लिम भाईयों को ईद की मुबारकबाद दी मौके पर अंजुमन कमेटी ने माला पहनाकर स्वागत किया सुरक्षा में तैनात पुलिस प्रशासन का भी कमेंटी ने आभार व्यक्त कर स्वागत किया।



# भारत विकास परिषद शाखा नीमच ने मनाई वीर सावरकर की जयंती

**नीमच।** सेवा संस्कार में अग्रणी भारत विकास परिषद शाखा नीमच द्वारा स्वतंत्र वीर विनायक दामोदर सावरकर की जन्म जयंती 28 मई पर उनकी बघाना में प्रतिमा स्थल पर जो की परिषद परिवार द्वारा ही लगाई गई है पर माल्यार्पण कर और उनके जयघोष के नारे लगा उन्हें याद किया और स्मरण किया। सर्वप्रथम सदस्यों द्वारा वीर सावरकर की मूर्ति पर माल्यार्पण किया गया एवं उन्हें जय घोष के नारों के साथ स्मरण किया गया।

माल्यार्पण के पश्चात सर्वप्रथम मनोज माहेश्वरी ने वीर सावरकर के जीवन पर अपने विचार रखते हुए उन्हें एक महान क्रांतिकारी, स्वतंत्रता सेनानी, समाज सुधारक बताया। स्वागत उद्बोधन कार्यकारी अध्यक्ष जीतू शक्तावत ने दिया एवं संस्थापक अध्यक्ष अशोक अग्रवाल एलआईसी ने भी वीर सावरकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा ब्रिटिश सरकार के विरोध स्वरूप काला पानी की सजा काटते हुए जो यातनाए सही उनको याद किया ।कार्यक्रम का संचालन मनोज माहेश्वरी ने किया एवं आभार कोषाध्यक्ष संदीप दरक ने माना। कार्यक्रम में कार्यकारी अध्यक्ष जीतू शक्तावत, संदीप दरक, पिंटू शर्मा ,मनोज माहेश्वरी ,अशोक मंगल, संदीप खाबिया , शिखर जैन, मधुसूदन खंडेलवाल मुकेश डबकरा, अशोक अग्रवाल, सुशील गट्टानी,अशोक अग्रवाल, सुशील गट्टानी, राजेश गट्टानी, संजय डांगी, पंकज दुबे आदि सदस्य मौजूद थे ।

**एक नजर** — दो हादसों में तीन मौत, 35 घायल, हाईवे निर्माण में सुधार के दिए निर्देश

# तिलस्वा घाट पर हादसों के बाद पीडब्ल्यूडी ने किया निरीक्षण, होगा सुधार कार्य

**नीमच।** नीमच-सिंगोली-कोटा मार्ग के तिलस्वा घाट पर लगातार हो रहे हादसों के बाद प्रशासन सक्रिय हो गया है। पिछले तीन दिनों में यहां दो भीषण सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें तीन लोगों की मौत हो गई और करीब 35 लोग घायल हुए हैं। रविवार को शिवशक्ति बस हादसे के बाद मंगलवार रात एक और दुर्घटना ने हालात को और गंभीर बना दिया। लगातार हो रहे हादसों से स्थानीय लोगों में आक्रोश है।

कलेक्टर के निर्देश पर पहुंची टीम जिला कलेक्टर हिमांशु चंद्रा के निर्देश पर लोक निर्माण विभाग की टीम मौके पर पहुंची और पूरे क्षेत्र का निरीक्षण किया। कार्यपालन यंत्री अमित नर्गिस भी निरीक्षण दल में शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने माना कि सड़क किनारे सुरक्षा व्यवस्था कमजोर है, ढलान खतरनाक है और संकेतक बोर्डों की कमी है, जिससे हादसों का खतरा बढ़ रहा है।



सुधार कार्य निर्माण परियोजना में शामिल अधिकारियों के अनुसार नीमच-कोटा हाईवे निर्माण कार्य के तहत इस घाट क्षेत्र का सुधार भी शामिल है। इसे आधुनिक मानकों के अनुसार सुरक्षित बनाने का काम किया जाएगा, लेकिन इसमें लगभग एक वर्ष का समय लग सकता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि तिलस्वा घाट लंबे समय से दुर्घटनाओं का केंद्र बना हुआ है। संकरी सड़क, तीखे मोड़ और सुरक्षा उपायों की कमी के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि समय रहते कदम उठाए जाते तो कई जानें बचाई जा सकती थीं।

तत्काल सुधार के निर्देश लोक निर्माण विभाग ने घाट क्षेत्र में चेतावनी और संकेतक बोर्ड लगाने का काम शुरू कर दिया है। साथ ही ढलान कम करने और मोड़ों को सुरक्षित बनाने पर भी काम किया जा रहा है। कार्यपालन यंत्री अमित नर्गिस ने बताया कि घाट क्षेत्र में करीब 60 प्रतिशत ढलान की समस्या है, जो वाहनों के असंतुलन का प्रमुख कारण बन रही है।